सत्यमेव जयते

# राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
# National Commission for Scheduled Tribes

(भारत के संविधान के अनुच्छेद 338क के अंतर्गत एक संवैधानिक निकाय)
(A constitutional body under Article 338A of the Constitution of India)

## सिटिंग नोटिस

फा. सं. **NCST/DEV-6905/MP/175/2026-RU-I**

**दिनांक: 09.07.2026**

**कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट,**
जिला- ग्वालियर,
कलेक्ट्रेट, ओहदपुर,
ग्वालियर, मध्य प्रदेश 474001
ई-मेल: dmgwalior@nic.in
Tel. No: 07512446200

**विषय: अनुसूचित जनजाति के व्यक्ति के 25 परिवारों को आवासीय भूमि पर पट्टा न मिलने एवं भू-माफ़िया द्वारा प्रताड़ित किए जाने के संबंध में श्री मुरारीलाल निवासी ग्राम अलापुर, शीतला माता मंदिर के सामने, डोंगरपुर, तहसील-सिटी सेंटर, जिला– ग्वालियर, मध्यप्रदेश-474009 का अभ्यावेदन दिनांक 19.01.2026 के संदर्भ में।**

**संदर्भ: आयोग के समसंख्यक पत्र दिनांक 04.02.2026 एवं 24.03.2026 (प्रति संलग्न).**

**महोदय/महोदया,**

चूंकि राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एन.सी.एस.टी.) ने भारत के संविधान के अनुच्छेद 338 क के अधीन प्रदत्त शक्तियों के अनुसरण में उक्त उल्लेखित प्रकरण का अन्वेषण/जांच करने का निश्चय किया है। श्री अंतर सिंह आर्य, माननीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने इस प्रकरण मे अन्वेषण/जांच/की जाने वाली कार्रवाई के लिए आयोग मुख्यालय, 6वां तल, न्यायालय कक्ष-I, लोकनायक भवन, खान मार्केट, नई दिल्ली-110003 में **दिनांक 22.07.2026** को सिटिंग/सुनवाई निर्धारित की है।

2. तदनुसार, आपसे अनुरोध है कि कृपया उक्त निर्धारित तिथि पर उक्त प्रकरण से संबंधित संपूर्ण तथ्यों एवं सभी संगत मूल अभिलेखों/दस्तावेजों के साथ **व्यक्तिगत रूप से** माननीय अध्यक्ष महोदय के समक्ष परीक्षण के लिए अपनी उपस्थित सुनिश्चित करें।

**3. कृपया ध्यान रखें कि यदि आप सिटिंग/सुनवाई में उपस्थित नहीं होते/होती है तो आयोग के समक्ष आपकी उपस्थिति को बाध्यकारी बनाने के लिए, आयोग भारत के संविधान के अनुच्छेद 338 क के खंड (8) क के अधीन प्रदत्त सिविल न्यायालय की शक्तियों का प्रयोग करने के लिए स्वतंत्र है।**

**(पूर्णेन्दु कान्त/Purnendu Kant)**
**निदेशक/Director**

**प्रतिलिपि सूचनार्थ:-**

**श्री मुरारीलाल**
निवासी ग्राम अलापुर, शीतला माता मंदिर के सामने,
डोंगरपुर, तहसील-सिटी सेंटर,
जिला– ग्वालियर, मध्यप्रदेश-474009
**कृपया उपरोक्त स्थान, समय एवं तिथि पर सुनवाई हेतु आयोग में आपकी/अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें।**